# पाठ्यक्रमों में प्रवेश ऑनलाइन काउंसिलिंग के माध्यम से होगी पूर्ण

**प्रेसवार्ता**

◆ वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में प्रवेश होगा शुरू

अमर हिंदुस्तान

देहरादून। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय देहरादून के कैम्पस कॉलेजो,सरकारी/स्वायत्तशासी एवं सम्बद्ध निजी इंजीनियरिंग कॉलेजों के साथ ही गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर के कैम्पस, कॉलेज ऑफ टैक्नोलॉजी के लिए विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2024-25 हेतु विभिन्न स्नातकयथा-बीटैक, बीफार्म,बीएचएमसीटी, बीएएलएलबी, बीबीएएलएलबी, एलएलबी, बीबीए, बीसीए, एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों यथा-एमटैक, एमफार्म एमबीए, एमबीए इंटीग्रेटेड, एमसीए, एमएचएम, एलएलएम, फार्मडी, पीजीडिप्लोमा इन साइबर सिक्योरिटी प्रथम वर्ष के साथ ही बीटैक लेट्रल एंट्री द्वितीय वर्ष व बीफार्म लेट्रल एंट्री द्वितीय वर्ष के पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाइन काउंसिलिंग के माध्यम से पूर्ण की जायेगी। यह जानकारी वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो ओंकार सिंह ने सोमवार को पत्रकार वार्ता के दौरान मीडिया कर्मियों को सम्बोधित करते हुए कही।

पत्रकार वार्ता के दौरान कुलपति प्रो ओंकार सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा आज डीजीबीवसंत एन एन की सुविधा छात्रों व उनके अभिभावकों के लिए प्रारम्भ की गई, जिसके माध्यम से कोई भी छात्र विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध टैब का उपयोग कर अपनी अब तक की शैक्षणिक यात्रा का लेखा-जोखा प्राप्त कर सकता है। इसे छात्र अपना रोल नम्बर व जन्म तिथि के माध्यम देख सकता है।कतिपय संस्थानों द्वारा निर्धारित शुल्क से अधिक शुल्क छात्रों से लिये जाने एवं विश्वविद्यालय द्वारा अनुमन्य पाठ्यक्रमों से इतर प्रवेश लिये जाने के पत्रकारों के सवालों के जवाब में कुलपति प्रो0 ओंकार सिंह द्वारा स्पष्ट किया गया कि प्रवेश हेतु इच्छुक छात्र और उनके अभिभावक विश्वविद्यालय को आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध सूचना के अनुसार ही कार्यवाही करें। विश्वविद्यालय वेबसाइट पर संस्थानों की सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध है।

### बीटेक के दो सौ से अधिक मेजर व माइनर के कॉम्बिनेशन उपलब्ध

पत्रकारों द्वारा वर्तमान में इंजीनियरिंग विषयों के रूझान जानने के सवाल पर कुलपति प्रो सिंह द्वारा बताया गया कि अभी भी अधिकांश छात्र कम्प्यूटर साइंस के विषय में ही इंजीनियरिंग करना चाहते हैं। परन्तु विगत सत्र से अन्य पारम्परिक विषयों जैसे सिविल इंजीनियरिंग, इलैक्ट्रिल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग आदि में मेजर के साथ कम्प्यूटर साइंस के विषयों में माइनर उपलब्ध कराये जाने से स्थिति बदल रही है और अब विश्वविद्यालय के पास बीटेक के 200 दो सौ से अधिक मेजर व माइनर के कॉम्बिनेशन उपलब्ध हैं। जिससे पारम्परिक विषयों में डिग्री के साथ-साथ आज रोजगार देने वाले माइनर विषयों में भी अध्ययन किया सकता है। इससे पारम्परिक विषयों के प्रति भी रूझान बढ़ने की प्रबल सम्भावनाएं हैं।



### शेष सीटों को बीएससी अर्हताधारी अभ्यर्थियों से भरा जायेगा।

बीटेक लेट्रल एंट्री द्वितीय वर्ष में प्रवेश हेतु सर्वप्रथम वरीयता डिप्लोमा धारी अभ्यर्थियों को दी जायेगी उसके बाद सीट रिक्त रहने की दशा में शेष सीटों को बीएससी अर्हताधारी अभ्यर्थियों से भरा जायेगा। सभी पाठ्यक्रमों में आरक्षित श्रेणी की सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया उत्तराखण्ड शासन द्वारा जारी नवीनतम शासनादेशों के अधीन पूर्ण की जायेगी। ऑनलाईन काउंसिलिंग में सीट मैट्रिक्स नियामक संस्थाओं द्वारा अनुमोदित प्रवेश क्षमता के अनुसार तैयार की जायेगी। प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरानपरीक्षा नियंत्रक डॉ. विनय कुमार पटेल, वित्त नियंत्रक विक्रम सिंह ने जन्तवाल आदि मौजूद रहे।

मूल्यांकन में पारदर्शिता के बावत उत्तर पुस्तिकायें दिखाये जाने की व्यवस्था में पुनः मूल्यांकन की सम्भावना के बारे में पत्रकारों द्वारा पूछे गये सवाल पर वसिंह द्वारा अवगत कराया गया कि उत्तर पुस्तिका अवलोकित करते समय छात्रों को सशुल्क पुनर्मूल्यांकन एवं कतिपय प्रश्नों के मूल्यांकित होने पर उन्हें मूल्यांकित कराने का निःशुल्क प्राविधान है। इससे छात्रों में मूल्यांकन प्रणाली के प्रति विश्वास पैदा करने में मदद मिल रही है।

### 10 अप्रैल विश्वविद्यालय वेबसाइट पर पंजीकरण शुरू

कुलपति ने अपने सम्बोधन में कहा कि आगामी शैक्षणिक सत्र 2024-25 में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त इंजीनियरिंग, फार्मेसी, मैनेजमेंट, होटल मैनेजमेंट, विधि आदि पाठ्यक्रमोंमें प्रवेश लेने के इच्छुक अभ्यर्थी 10 अप्रैल, 2024 से विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपना औपबंधिक पंजीकरण कर सकते हैं। विभिन्न पाठ्यक्रमों में नियमित प्रवेश प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन काउंसिलिंग माह जून 2024 के प्रथम सप्ताह से प्रारम्भ की जायेगी, जिसके लिए विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न माध्यमों से विज्ञापन के जरिये प्रवेश लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों को सूचना प्रसारित की जायेगी। और ऐसे अभ्यर्थी जिनके द्वारा 10 अप्रैल से विश्वविद्यालय के पोर्टल पर औपबन्धिक पंजीकरण किया जायेगा उन्हें, विश्वविद्यालय द्वारा जून माह में करायी जाने वाली ऑनलाइन काउंसिलिंग प्रवेश प्रक्रिया में प्रतिभाग करने हेतु पूर्ण पंजीकरण किये जाने की सूचना अभ्यर्थी द्वारा पंजीकृत ईमेल व मोबाईल नम्बर पर एसएमएस के माध्यम से भेजी जायेगी।

### ऑनलाइन काउंसिलिंग के माध्यम से प्रवेश दिये जायेंगे

बीटैक प्रथम वर्ष में विगत वर्ष की भांति इस शैक्षणिक सत्र 2024-25 में भी जेईई-मेंस रैंकधारियों के साथ-साथ न्यूनतम शैक्षिक योग्यता की मैरिट के आधार पर जबकि अन्य पाठ्यक्रमों में सिर्फ न्यूनतम शैक्षिक अर्हत प्राप्त इच्छुक अभ्यर्थियों की मैरिट के आधार पर ऑनलाइन काउंसिलिंग के माध्यम से प्रवेश दिये जायेंगे।नियामक संस्थाओं यथा- एआईसीटीई, फार्मेसी काउंसिल ऑफ इण्डिया व बार काउंसिल आफ इण्डिया द्वारा प्रवेश हेतु निर्धारित अर्हताओं/प्रक्रियाओं का अक्षरशः पालन करते हुए विभिन्न स्नातक व स्नातकोत्तर तकनीकी पाठ्यक्रमों के प्रथम एवं लेट्रल एंट्री(द्वितीय वर्ष) में प्रवेश की प्रक्रिया पूर्व वर्षों की भांति एडमिशन क्राइटेरिया निर्धारित किया गया है।जेईई-मेन्स रैंकधारी अभ्यर्थी को वरियता बीटैक प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु सर्वप्रथम जेईई-मेन्स रैंकधारी अभ्यर्थी को वरियता दी जायेगी। उच्च माध्यमिक परीक्षा 12वीं में सम्बन्धित उच्च माध्यमिक परिषद् द्वारा निर्गत सम्पूर्ण विषयों का प्रतिशत अंक। 12वीं में समान प्राप्तांक प्रतिशत होने पर अधिक आयु वाले अभ्यर्थी को वरीयता दी जायेगी।